हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 18 मार्च 2026

06 कॉल सेंटर में पदस्थ कंप्यूटर ऑपरेटर ...




07 एसडीएम के खिलाफ पटवारियों ने खोला मोर्चा...





## स्कूल चलें हम अभियान और प्रवेश उत्सव की तैयारियां समय-सीमा में पूर्ण करें

# गांव की बेटी योजना प्रोत्साहन राशि का शत प्रतिशत भुगतान 31 मार्च तक कराएं: कमिश्नर सुचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने सागर संभाग के सभी जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे स्कूल भवनों में बालिका शौचालयों का निर्माण और मरम्मत का कार्य एक सप्ताह में पूर्ण कराएं। कमिश्नर ने सागर संभाग के जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों से दूरभाष पर चर्चा कर सागर संभाग की शालाओं में बालिका शौचालयों के निर्माण और मरम्मत के कार्यों की प्रगति की जानकारी ली तथा निर्देश दिए कि एक सप्ताह में स्कूल भवनों में बालिकाओं के लिए शौचालयों का निर्माण पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

कमिश्नर ने एक अप्रैल से प्रारंभ हो रहे नवीन शिक्षा सत्र से पूर्व स्कूल चलें हम अभियान और प्रवेश उत्सव की समुचित तैयारियां करने के भी निर्देश सागर संभाग के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, जिला परियोजना समन्वयकों को दिए हैं। कमिश्नर ने कहा है कि एक अप्रैल से प्रारंभ होने वाले शिक्षा सत्र के लिए छात्र-छात्राओं को निःशुल्क किताबों का वितरण समय पर करना सुनिश्चित किया जाए।

कमिश्नर सागर संभाग ने उक्त निर्देश आज उच्च शिक्षा विभाग, जनजाति कार्य विभाग एवं शिक्षा विभाग की संभाग स्तरीय



समीक्षा बैठक में दिए।

बैठक में कमिश्नर ने निःशुल्क किताब वितरण योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ एक सप्ताह की समय अवधि में निःशुल्क किताबों का वितरण सुनिश्चित किया जाए। कमिश्नर द्वारा अभी तक किताबों का वितरण छात्र-छात्राओं को नहीं किए जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की गई तथा निर्देशित किया गया कि सभी महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं को उनकी पात्रता के अनुरूप निःशुल्क किताबों का वितरण सुनिश्चित किया जाए। कमिश्नर ने उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संचालित गांव की बेटी योजन की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि गांव की बेटी योजना की प्रोत्साहन राशि का शतप्रतिशत वितरण 31 मार्च से पूर्व करना सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में कमिश्नर ने पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति अन्य पिछड़ा वर्ग के वितरण की भी समीक्षा की तथा निर्देश दिए कि पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति अन्य पिछड़ा वर्ग का भुगतान भी छात्र-छात्राओं को समय पर करना सुनिश्चत किया जाए।

बैठक में कमिश्नर ने आगामी एक अप्रैल से प्रारंभ होने वाले शिक्षा सत्र की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि सागर संभाग में स्कूल चले हम अभियान और प्रवेश उत्सव की सभी तैयारियां पूर्ण करें और उत्साह के साथ प्रवेश उत्सव मनाएं। बैठक में कमिश्नर ने स्कूली छात्र-छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरण योजना की भी जिलेवार समीक्षा की तथा अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस योजना के अंतर्गत जिन छात्र-छात्राओं को साईकिलों का वितरण नहीं किया गया है उन्हें साइकिलों का वितरण तत्काल करना सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में कमिश्नर ने मिशन अंकुर की प्रगति की भी जिलेवार समीक्षा की, समीक्षा के दौरान मिशन अंकुर कार्यक्रम में छतरपुर, दमोह और टीकमगढ़ की स्थिति ठीक नहीं होने पर कमिश्नर ने स्थिति में सुधार करने के निर्देश शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दिए।

बैठक में कमिश्नर ने जनजाति कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग एवं उच्च शिक्षा विभाग में सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण की समीक्षा की तथा अधिकारियों को निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ निराकरण किया जाए।

बैठक में कमिश्नर ने छात्रावास सुदृढीकरण, जनजातीय आवासीय योजना, अनुसूचित जाति बस्ती विकास योजना की प्रगति की भी समीक्षा की। बैठक में संयुक्त संचालक लोक शिक्षण श्री शत्रुंजय प्रताप सिंह बिसेन, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, संयुक्त आयुक्त विकास श्री राकेश शुक्ला सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए आवेदन

**सागर।** भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए आवेदन हेतु विज्ञापन जारी किया गया है। जिसमें ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि 01 अप्रैल 2026 है। इच्छुक आवेदक वेबसाईट पर जाकर अपना पंजीयन करा सकते है।

### सूर्य उपासना कार्यक्रम विक्रमोत्सव 2026

**सागर।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार सूर्य उपासना हेतु विक्रमोत्सव 2026 का आयोजन सृष्टि आरंभ दिवस, वर्ष प्रतिपदा, विक्रम सम्वत 2083 के शुभारंभ अवसर पर 19 मार्च 2026 को पूर्वान्ह जिला मुख्यालय पर किया जाएगा। उक्त आयोजन अंतर्गत पूर्व परम्परा से श्रीमहाकालेश्वर मंदिर, उज्जैन के शिखर पर समय-समय पर स्थापित किये जाने वाले ब्रम्हध्वज को प्रमुख मंदिरों एवं स्थलों पर स्थापित कर नाट्य प्रस्तुति सम्राट विक्रमादित्य का मंचन किया जाना है। मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय पर 19 मार्च को प्रातः 10 बजे सूर्य उपासना कार्यक्रम आयोजित किया जावे जिसके अंतर्गत नाट्य प्रस्तुति सम्राट विक्रमादित्य का मंचन किया जाएगा। संस्कृति विभाग अंतर्गत मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय, भोपाल द्वारा सभी जिला मुख्यालयों में सम्राट विक्रमादित्य नाट्य मंचन के लिए नाट्य/कला दल भेजे जा रहे हैं।

### जनसुनवाई में हुई 194 आवेदनों पर कार्रवाई

**सागर।** कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में आज 194 आम लोगों की समस्याओं को सुना गया और अधिकारियों को तत्परता से आमजन की समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर कलेक्टर संदीप जी आर, अपर कलेक्टर अविनाश रावत, संयुक्त कलेक्टर आरती यादव, संयुक्त कलेक्टर राजनंदनी शर्मा सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे। राज्य शासन के निर्देश पर आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इसी कड़ी में आज कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई हुई। जिले के 194 आवेदकों के प्रकरणों में सुनवाई कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की गई। जनसुनवाई में लोगों की समस्याओं को सुना और उनका निराकरण किया गया।

### विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य केंद्र में नए वार्ड का शुभारंभ

**सागर।** डॉ. हरीसिंह गौर विश्व विद्यालय के स्वास्थ्य केंद्र में एक नए वार्ड का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) की यूटीडी शाखा के सहयोग से मरीजों की सुविधा हेतु फाइव-फंक्शन युक्त दो आधुनिक पलंग उपलब्ध कराए गए। इनमें से एक पलंग मैनुअल तथा एक ऑटोमेटिक है। इन पलंगों की उपलब्धता से भविष्य में मरीजों के उपचार एवं देखभाल में महत्वपूर्ण सहायता प्राप्त होगी। साथ ही इनका उपयोग विभिन्न स्वास्थ्य शिविरों तथा रक्तदान शिविरों के आयोजन में भी किया जा सकेगा। नए वार्ड का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. एस.पी. उपाध्याय द्वारा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के रीजनल मैनेजर सुनील कुमार सिंह (रीजनल बिजनेस ऑफिस, सागर) के साथ संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एस.पी. उपाध्याय ने विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य केंद्र में सुविधाओं के विस्तार पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार की पहल से विश्वविद्यालय परिवार को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण सहयोग मिलेगा। उन्होंने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया द्वारा प्रदान किए गए इस सहयोग की सराहना करते हुए आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी विश्वविद्यालय और बैंक के मध्य इस प्रकार के जनहितकारी प्रयास जारी रहेंगे।

## नाबालिग से दुष्कर्म-अपहरण के आरोपी को 20 साल की कैद 5 हजार का अर्थदंड लगाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुरई



खिमलासा थाना क्षेत्र में 13 वर्षीय नाबालिग के अपहरण और दुष्कर्म के मामले में सोमवार को खुरई कोर्ट ने फैसला सुनाया है। तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश संध्या मनोज श्रीवास्तव की कोर्ट ने आरोपी प्रदीप अहिरवार को दोषी करार देते हुए 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। लोक अभियोजन अधिकारी बलबीर सिंह ने बताया कि घटना 23 अप्रैल 2024 की है। पीड़िता के माता-पिता ईंट भट्टे पर मजदूरी कर रहे थे और उनकी बेटी उन्हें खाना देकर घर लौट रही थी, तभी वह लापता हो गई। काफी तलाश के बाद पिता ने भानगढ़ थाना के हिन्नोद निवासी प्रदीप अहिरवार पर बेटी को भगा ले जाने का संदेह जताते हुए खिमलासा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

पुलिस ने मामले की जांच करते हुए आरोपी प्रदीप और नाबालिग को गुजरात से बरामद किया था। पीड़िता ने पुलिस को दिए बयानों में बताया कि आरोपी उसे बहला-फुसलाकर ले गया था और वहां उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट और दुष्कर्म की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर चालान पेश किया था।

न्यायालय ने साक्ष्यों और पीड़िता के बयानों के आधार पर प्रदीप अहिरवार को पॉक्सो एक्ट और धारा 376 (3) में 20-20 साल की सजा सुनाई। इसके साथ ही धारा 363 (अपहरण) में 5 साल की जेल और कुल 12 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी।



## 35 मरीज आनंदपुर रवाना: मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए नेत्र शिविर में चयन

**खुरई।** सिविल अस्पताल में आयोजित नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान चयनित 35 मरीजों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए सोमवार को आनंदपुर भेजा गया। इन मरीजों का चयन अस्पताल में की गई विशेष जांच प्रक्रिया के बाद किया गया है। प्रशासन ने सभी मरीजों को बसों से ऑपरेशन केंद्र तक पहुंचाया गया। नेत्र शिविर के दौरान कुल 172 लोगों की आंखों की जांच की गई। नेत्र सहायक के.एन. कुशवाहा ने बताया कि विस्तृत जांच के बाद 35 महिला-पुरुष मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए उपयुक्त पाया गया। ट्रस्ट की एंबुलेंस के माध्यम से इन सभी नेत्र रोगियों को सुरक्षित रूप से आनंदपुर रवाना किया गया है। अस्पताल प्रबंधन ने आगामी स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी भी साझा की है। नेत्र सहायक के अनुसार, अगला नेत्र शिविर 10 अप्रैल 2026 को सिविल अस्पताल में आयोजित किया जाएगा। इस दौरान भी मरीजों की निःशुल्क जांच और ऑपरेशन हेतु चयन की प्रक्रिया अपनाई जाएगी।

## नए सत्र की तैयारी को लेकर एसडीएम ने निजी स्कूल संचालकों की बैठक ली

**ग्यारसपुर।** नए शैक्षणिक सत्र की तैयारियों और स्कूल शिक्षा विभाग के नियमों के पालन को लेकर सोमवार को एसडीएम कार्यालय ग्यारसपुर में निजी विद्यालय संचालकों की बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता एसडीएम शशि मिश्रा ने की, जिसमें बीआरसी ज्ञान सिंह अहिरवार सहित ब्लॉक के निजी स्कूल संचालक मौजूद रहे। बैठक में एसडीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि नए सत्र में किसी भी स्थिति में 10 प्रतिशत से अधिक फीस वृद्धि नहीं की जाएगी। साथ ही सभी विद्यालयों में केवल एनसीईआरटी की पुस्तकों का ही उपयोग सुनिश्चित किया जाए और निजी प्रकाशकों की किताबें अनिवार्य न की जाएं। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि स्कूलों की किताबें और कॉपियां किसी एक ही दुकान पर उपलब्ध न कराई जाएं, बल्कि अलग-अलग दुकानों पर रखी जाएं, ताकि अभिभावकों को किसी एक स्थान से खरीदारी के लिए बाध्य न होना पड़े। एसडीएम ने कहा कि शिक्षा विभाग के नियमों के अनुसार ही नए सत्र की शुरुआत की जाए। शिकायत मिलने पर संबंधित विद्यालय के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।



## आचार्य विशुद्ध सागर जी महाराज की अगवानी गुरु-शिष्य मिलन बना आकर्षण का केंद्र

**गढाकोटा।** सागर जिले के गढाकोटा में चल रहे पंचकल्याणक महोत्सव के पावन अवसर पर श्री अतिशय क्षेत्र पटेरिया जी में मंगलवार के दिन धर्म, श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस अवसर पर आचार्य श्री 108 विशुद्ध सागर जी महाराज की भव्य अगवानी के साथ-साथ भावनाओं से परिपूर्ण गुरु–शिष्य मिलन भी विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। आचार्य श्री के नगर प्रवेश पर श्रद्धालुओं द्वारा रथ, हाथी और पारंपरिक वेशभूषा के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। मंगलमय वाद्य-ध्वनियों, जयघोष और धार्मिक उत्साह के बीच पूरे क्षेत्र का वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत हो उठा। जगह-जगह पुष्पवर्षा कर आचार्य श्री का अभिनंदन किया गया। इस दौरान नगर में पूर्व से विराजमान तीन मुनिराजों ने अपने आचार्य गुरु का श्रद्धाभाव से स्वागत किया। जैसे ही आचार्य श्री और उनके शिष्यों का मिलन हुआ, वह दृश्य अत्यंत भावुक और प्रेरणादायक बन गया। गुरु–शिष्य परंपरा की इस जीवंत झलक ने उपस्थित श्रद्धालुओं के हृदय को छू लिया। शिष्यों ने विनम्रतापूर्वक आचार्य श्री के चरणों में वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया, वहीं आचार्य श्री ने भी स्नेहपूर्वक उन्हें आशीष प्रदान किया।इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु, समाज के गणमान्य नागरिक एवं धर्मप्रेमी उपस्थित रहे। सभी ने इस दिव्य मिलन को अपने जीवन का सौभाग्यपूर्ण पल बताया। आचार्य श्री के सानिध्य में चल रहे पूजन-विधान, धार्मिक अनुष्ठान एवं प्रवचन महोत्सव की गरिमा को और अधिक बढ़ा रहे हैं। उनके प्रवचनों से संयम, साधना और आत्मकल्याण का संदेश प्रसारित हो रहा है, जिससे श्रद्धालुजन गहन आध्यात्मिक लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

## खेत से थाली तक महिला किसानों ने संभाली देश की पोषण की कमान: डॉ प्रतिभा तिवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

भारतीय स्त्रीशक्ति मध्यप्रदेश के द्वारा कपूरिया गांव में "महिला किसान वर्ष" के विषय पर उत्पादन से उपयोग तक की प्रक्रिया में संपर्क/परिचय/चर्चा/सर्वेक्षण के संदर्भ में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ दीप प्रज्जवलन एवं अतिथियों के आदर सत्कार के साथ हुआ। तदोपरान्त अध्यक्षीय उद्बोधन, भारतीय स्त्री शक्ति मध्यप्रदेश की प्रदेश अध्यक्ष डॉ प्रतिभा तिवारी ने कहा कि खेत से थाली तक महिला किसानों ने संभाली देश की पोषण की कमान। प्रक्रिया की शुरुआत होती है सरकार से जहां महिलाएं केवल श्रम नहीं करतीं, बल्कि निर्णय भी लेती हैं। आज भारत के कृषि कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी लगभग 42: तक पहुंच गई है। वे प्लास्टिक-अनुकूल खेती और पारंपरिक उद्यमों के संरक्षण में अग्रणी हैं, जिससे उत्पाद स्थापित होता है। फसल कटने के बाद, उत्पादन से उपयोग की यात्रा में सबसे महत्वपूर्ण भाग है। अब महिलाओं के लिए केवल लागत कीमती नहीं है, बल्कि यह




उनकी उद्यमिता स्थानीय स्तर पर वैष्विक बाजार की ओर ले जा रही है। तत्पष्चात मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भारतीय किसान संघ महाकौषल प्रान्त की प्रान्त उपाध्यक्ष ज्ञानमंजरी दीक्षित ने कहा कि दुनिया अब जंक फूड छोड़कर श्री अन्न की ओर लौट रही है। महिला किसान इस बदलाव की अगुवाई कर रही हैं। वे न केवल पोषण से भरपूर अनाज उगा रही हैं, बल्कि अपने परिवार और समाज को कुपोषण से भी बचा रही हैं। खेत से थाली तक का यह सफर शुद्धता और स्वास्थ्य की गारंटी है। इसके उपरान्त नगर अध्यक्ष डॉ. प्रज्ञा उपाध्यय ने कहा कि महिलाएं अब सिर्फ अनाज नहीं उगातीं, बल्कि उसकी प्रोसेसिंग कर रही हैं। गाँव-गाँव में मसाला यूनिट्स, दाल मिल और पैकेजिंग सेंटर्स खुल रहे हैं। यानी अब खेत से निकला माल सीधे ब्रांड बनकर बाज़ार में बिक रहा है। इस कार्यक्रम में जैविक कृषि वैज्ञानिक आकाश चैरसिया ने जैविक कृषि उत्पाद के महत्व से सभी सभी को अवगत कराया। कार्यक्रम का आभार ज्ञापन सचिव सुमन तिवारी द्वारा दिया गया। इस अवसर पर डॉ. वीरेन्द्र गौतम एवं संजय प्रजापति ने जैविक कृषि का ज्ञान प्राप्त किया एवं सुलोचना तिवारी, सुनीता ठाकुर, ज्योति गौतम, वैषाली भदौरिया, खुशी, मुस्कान, रिचा, साक्षी ने गरिमामयी उपस्थिति देकर कार्यक्रम को सफल बनाया।



## बिजली कर्मचारी महासंघ ने सौंपा ज्ञापन

**सागर।** म.प्र. बिजली कर्मचारी महासंघ द्वारा विद्युत कर्मियों की विभिन्न समस्याओं का निराकरण न होने के कारण प्रदेश स्तर पर आगामी माह में व्यापक स्तर पर प्रदेश भर में कर्मचारी हित में आंदोलन करने के संबंध में आज ऊर्जामंत्री को संबोधित ज्ञापन मुख्य अभियंता के माध्यम से सौंपा गया। महासंघ द्वारा संविदा कर्मचारियों को नियमित करने, अनुकंपा नियुक्ति प्राप्त कार्या.सहा. श्रेणी-3 (संविदा) को नियमित किये जाने विभिन्न श्रेणी के कर्मचारियों की वेतन विसंगतियों का निराकरण किये जाने आउटसोर्स कर्मचारियों को उत्तर प्रदेश एवं हरियाणा सरकार की तर्ज पर निगम/कंपनी स्थापित कर इन्हे नियुक्ति प्रदान की जाएं। अनुबंधित मीटर रीडरो को विद्युत कंपनी में नियमित कर्मचारी घोषित किया जाएं। सेवानिवृत कर्मचारियों को नियमित कर्मचारियों की भांति मंहगाई भत्ता उनके पेंशन में जिला कोषालय से प्रदान की जावें जिन कर्मचारियों की मृत्यु वर्ष 2000 से 2012 के बीच हुई है उनके आश्रितो को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की जावें। इस तरह कर्मचारियों से संबंधित विभिन्न मांगो का 12 सूत्रीय ज्ञापन मुख्य अभियंता (सा.क्षे.) सागर कार्यालय में पदस्थ अधीक्षण अभियंता शांति परते एवं कार्यपालन अभियंता संजय गुप्ता को संयुक्त रूप से सौंपा गया इसके पूर्व महासंघ के पदाधिकारी, सदस्य लगभग 200-250 कर्मचारियों के साथ मेन गेट से रेली के रूप में नारे लगाते हुये कार्यालय पुहचें जहां पर महासंघ सागर क्षेत्र के प्रभारी रामविवेक गौतम ने ज्ञापन का वाचन किया । ज्ञापन रैली में मुख्य रूप से प्रदेश संयुक्त महामंत्री अशीष सिंह, डा. प्रदीप पाठक प्रदेश अध्यक्ष कंस्ट्रक्शन मजदूर महासंघ दीपक मिश्रा, जिला मंत्री वीएमएस राजेश दरयानी, संयुक्त महामंत्री सतीश तिवारी, राहुल जैन, अवनीश जारोलिया, अमित पोरवाल, विकास मिश्रा, के.एल. साहू, शैलेंद्र शामिल थे।

## राष्ट्रीय संगोष्ठी में विद्वानों ने श्रीराम के जीवन चरित्र के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत विचार विमर्श किया

# श्रीराम की मर्यादा व वचनबद्धता एवं भातृप्रेम ने श्रीराम को व्यवहारिक लोक में नर से नारायण बनने का मार्ग दिखाया: नीरज दुबे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

पंडित दीनदयाल उपाध्याय शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय सागर एवं रानी अवंती बाई वि.वि. सागर के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित बुन्देलखण्ड के लोकहृदय में श्रीराम विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के द्वितीय दिवस के प्रथम सत्र में डॉ. यशवंत ठाकुर कुलगुरू डॉ. हरीसिंह गौर वि.वि, डॉ. राजेश श्रीवास्तव, कार्यपालन यंत्री, रामायण केन्द्र, डॉ. कुमकुम गुप्ता, गोकुल सोनी, डॉ. शरद सिंह, डॉ. अनुभूति शर्मा ने गहन विचार विमर्स कर अपने उद्बोधन दिये। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सरोज गुप्ता ने कहा बुन्देल खण्ड के ऐरिहासिक पटल और सांस्कृतिक परंपराओं में श्रीराम की उपस्थिति गौरांवित करती है। डॉ. अनुभूति शर्मा रामायण केंद्र भोपाल ने कहा कि राष्ट्र का मंगल करने वाला व्यक्तिव श्रीराम है। जेन-जी के हृदय में श्रीराम के चरित्र को उतारना ही हमारा मुख्य उद्देश्य है। राम समरसता के प्रतीक है। मैथलीशरण गुप्त के परिवार से पधारी डॉ. कुमकुम गुप्ता ने कहा कि बाचिक परम्परा से साहित्यिक परम्परा तक निरंतर राम विद्यमान है। सर्वप्रथम रामायण कथा को लिखने का काम विष्णुधर दास ने किया। तुलसीदास जी ने मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम को जन जन तक पहुंचाने का परम कार्य




किया। बुन्देलखण्ड राम काव्य की गंगोत्री है। गोकुल सोनी वरिष्ठ साहित्यकार भोपाल ने कहा कि राम भक्ति अकेले राम की सम्भव नहीं हैं सीता के साथ ही उनका स्मरण करे। युवा विश्व के किसी कौने में रहें वह राम को अपने हृदय में स्थान दे। बुन्देलखण्ड श्रीराम भगवन की कर्म भूमि है। साहित्यकार शरद सिंह ने पद्माकर के काव्य में श्रीराम की उपस्थिति पर चर्चा की। श्रीराम चौदह वर्ष के वनवास में बुन्देलखण्ड में श्रीराम लगभग साड़े ग्यारह वर्ष रहें। राजेश श्रीवास्तव ने कहा कि रामायण केन्द्र विश्व में श्रीराम के विचार भावनाओं के प्रचार प्रसार में संलग्न संस्कृति है। अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. यशवंत सिंह ठाकुर कुलगुरू डॉ. हरीसिंह गौर वि.वि. ने बुन्देली लोगो ने श्रीराम की सरलता, नेतृत्व क्षमता को उनके समरसता के सिद्धातों के साथ अपनाया। सत्र का संचालन डॉ. रविन्द्र सिंह ठाकुर एवं आभार डॉ. संदीप सबलोक ने माना। समापन सत्र के मुख्य अतिथि अतिरिक्त संचालक डॉ. नीरज दुबे ने कहा कि श्रीराम की मर्यादा व वचनबद्धता एवं भातृप्रेम ने श्रीराम को व्यवहारिक लोक में नर से नारायण बनने का मार्ग दिखाया। सुखदेव वाजपेयी विभागाध्यक्ष संस्कृत विभाग स्वामी विवेकानंद वि.वि. ने कहा कि वाल्मीकी आश्रम एवं मेघदूत में श्रीराम के चरित्र की विस्तृत व्याख्या की। डॉ. राम कुमार तिवारी ने नवधा भक्ति में श्रीराम की उपस्थिति को बताया। कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आनंद तिवारी ने कहा कि श्रीराम साम्यवाद के पहले उदाहरण हैं जब उन्होंने श्रीलंका में विभीषण तथा किष्किन्धा में सुग्रीव को राजा बनाने के बाद अपना किसी प्रकार का भी अधिकारी नहीं रखा। श्रीराम बुन्देलखण्ड के जड़ एवं चेतना दोनों में समाहित है। डॉ. रामकुमार गोस्वामी ओएसडी ने कहा कि रघुनाथ न तो परीक्षा के विषय है और न परीक्षण, के वह तो केवल आस्था व श्रृद्धा के विषय है। आस्था के साथ श्रीराम को आप जपेगे तो वह आपके हृदय में रहेंगे। डॉ. रंजना मिश्रा ने श्रीराम के चरित्र को विश्व में सर्वश्रेष्ठ माना। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अवधेश प्रताप सिंह ने किया तथा आभार डॉ. सरोज गुप्ता प्राचार्य ने माना। कार्यक्रम में डॉ. गोपा जैन, डॉ. विनय शर्मा, डॉ. इमराना सिद्दीकी, डॉ. संगीता मुखर्जी, डॉ. जयकुमार सोनी, डॉ. अमर कुमार जैन, डॉ. राना कुंजर सिंह , श्री सुरेन्द्र यादव डॉ. अभिलाषा जैन डॉ. शुचिता अग्रवाल, रेनू सोलंकी, डॉ. प्रतिभा जैन, डॉ. संगीता कुंभारे, डॉ. अनुरोध चड़ार, डॉ. देवेन्द्र सिंह ठाकुर, डॉ. प्रकाश कुशवाहा, डॉ. शैलेन्द्र सिंह राजपूत रहें।

### स्वास्थ्य विभाग की प्रशासनिक पारदर्शिता पर उठे सवाल

# कॉल सेंटर में पदस्थ कंप्यूटर ऑपरेटर के हाथों में अहम शाखाओं की कमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़




जिले के स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली हमेशा की तरह एक बार पुनः सवालों व चर्चाओ के घेरे में है। आरोप है कि नियमों को दरकिनार कर एक कंप्यूटर ऑपरेटर से विभाग की महत्वपूर्ण शाखाओं का कार्य कराया जा रहा है। यह स्थिति न केवल विभागीय नियमों पर प्रश्नचिह्न लगा रही है, बल्कि प्रशासनिक पारदर्शिता पर भी सवाल खड़े कर रही है। जबकि उक्त संबंध में पूछने पर वर्तमान सीएमएचओ द्वारा तत्कालीन स्वास्थ्य अधिकारी पर ठीकरा फोड़कर अपना पल्ला झाड़ने का प्रयास किया गया है।

**पीसीपीएनडीटी और स्टोर शाखा जैसे महत्वपूर्ण कार्य कराए जा रहे:** जानकारी के अनुसार कंप्यूटर ऑपरेटर प्रदीप राय की नियुक्ति कॉल सेंटर में की गई थी, लेकिन इसके बावजूद उनसे पीसीपीएनडीटी और स्टोर शाखा जैसे महत्वपूर्ण कार्य कराए जा रहे हैं। विभागीय कर्मचारियों का कहना है कि विभाग के कई बजट और प्रशासनिक कार्यों में भी उनकी भूमिका बताई जाती है, जिससे विभागीय व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। बताया जाता है कि संबंधित कंप्यूटर ऑपरेटर को जिले के कुछ प्रभावशाली लोगों का संरक्षण प्राप्त है, जिसके चलते विभाग में उनकी पकड़ मजबूत मानी जाती है।

**जिला पंचायत सामान्य सभा में सदस्य उठा चुके मामला:** यह मुद्दा उस समय फिर चर्चा में आया जब जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित सामान्य सभा की बैठक में इसे प्रमुखता से उठाया गया। बैठक के दौरान जिला पंचायत सदस्य मनोहर लाल अहिरवार ने प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओपी अनुरागी से सवाल करते हुए कहा कि जिला औषधि भंडार शाखा में पदस्थ कंप्यूटर ऑपरेटर प्रदीप राय करीब 10 से 12 वर्षों से पीसीपीएनडीटी से संबंधित कार्य देख रहे हैं, जबकि नियमानुसार उनसे केवल कंप्यूटर से जुड़े कार्य ही लिए जाने चाहिए।

**स्थानांतरण आदेश भी बने औपचारिकता –** विभागीय जानकारों का कहना है कि संबंधित कर्मचारी का नाम कई बार विवादों में भी सामने आ चुका है। बताया जाता है कि औपचारिकता के तौर पर उनका तीन से चार बार स्थानांतरण भी किया गया, लेकिन हर बार राजनीतिक दबाव के चलते आदेश निरस्त हो गए और वे फिर से उसी पद पर बने रहे। विभागीय कर्मचारियों के मुताबिक जिला औषधि भंडार शाखा में पीसीपीएनडीटी से जुड़े कार्य किसी अन्य कर्मचारी को सौंपने के निर्देश भी दिए गए थे, लेकिन आज तक उक्त प्रभार उक्त ऑपरेटर से नहीं लिया गया।

**स्वास्थ्य विभाग में नियमों के विरुद्ध व्यवस्था-** शासन के नियमों के अनुसार कंप्यूटर ऑपरेटर को किसी भी प्रकार का प्रशासनिक या विभागीय प्रभार देने का प्रावधान नहीं है। इसके बावजूद उनसे महत्वपूर्ण शाखाओं का कार्य कराए जाने से विभागीय कार्यप्रणाली और नियमों के पालन पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। अब देखना होगा कि इस पूरे मामले में विभाग के जिम्मेदार अधिकारी क्या कदम उठाते हैं और नियमों के विपरीत चल रही इस व्यवस्था पर अब कोई ठोस कार्रवाई होती है या नहीं।

#### इनका कहना है...

तत्कालीन सीएमएचओ द्वारा यह कार्य कमेटी में रखा गया था। लेकिन विभाग में अन्य कोई कर्मचारी उपलब्ध नहीं होने के कारण तभी से कंप्यूटर ऑपरेटर प्रदीप राय से अन्य कार्यों के साथ पीसीपीएनडीटी का कार्य भी कराया जा रहा है।

**डॉ. ओपी अनुरागी,** प्रभारी सीएमएचओ स्वास्थ्य विभाग टीकमगढ़

## दबंगों द्वारा फसल काटे जाने से पीड़ित किसान परिवार बैठा रहा धूप में, ज्ञापन लेकर की खानापूर्ति





हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले के ग्राम मातौली में दबंगों द्वारा आधी रात खेत में खड़ी फसल काट ले जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि 25 से 30 लोगों की भीड़ हथियारों के साथ खेत में पहुंची और ट्रैक्टर में लगी मशीनों से जबरन गेहूं और सरसों की पूरी फसल काटकर ट्रॉलियों में भरकर ले गए। कलेक्टर के नाम ज्ञापन देने परिजनों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे पीड़ित किसान ने इस घटना को फसल डाका बताते हुए प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है। कलेक्टर के नाम दिए ज्ञापन में मातौली निवासी धर्मदास लोधी पुत्र हलकाई लोधी ने बताया कि ग्राम में स्थित उनकी कृषि भूमि खसरा नंबर 28/1 पर करीब साढ़े चार एकड़ में गेहूं और सरसों की खड़ी फसल थी। आरोप है कि 14 मार्च की रात करीब साढ़े 12 बजे ग्राम लखौरा, रिगौरा और मातौली के करीब 25 से 30 लोग हथियारों के साथ खेत में पहुंचे और 5 ट्रैक्टरों में लगी रीपर मशीनों से पूरी फसल काटकर ट्रॉलियों में भरकर ले गए। पीड़ित किसान के मुताबिक जब उसने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी।

### पीड़ित किसान ने की शीघ्र कार्यवाही की मांग

पीड़ित किसान ने प्रशासन से पूरे मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने और उसकी फसल वापस दिलाने की मांग की है। किसान का कहना है कि यदि ऐसे मामलों में सख्ती नहीं हुई तो दबंगों का मनोबल और बढ़ सकता है। साथ ही प्रशासन को चेतावनी भी दी कि अगर न्याय नहीं मिला तो किसान अपने परिवार के साथ कोई अनहोनी कदम उठाने को मजबूर हो जाएगा। अब देखना होगा कि प्रशासन इस गंभीर मामले में क्या कदम उठाता है और पीड़ित किसान को न्याय कब तक मिल पाता है।

### 112 पर कॉल, फिर भी नहीं हुई कार्रवाई

ज्ञापन देने वाले धर्मदास लोधी ने बताया कि घटना के दौरान उन्होंने डायल-112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस करीब रात एक बजे मौके पर पहुंची, लेकिन आरोपियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। किसान का कहना है कि दबंग करीब 100 क्विंटल के आसपास फसल, जिसकी कीमत लगभग ढाई लाख रुपये बताई जा रही है, काटकर अपने घर ले गए। घटना के बाद पीड़ित किसान अपने परिवार और छोटे छोटे बच्चो के साथ जब न्याय की मांग लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचा तो पता चला कि कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय एक प्रशिक्षण में शामिल होने के लिये विदेश गये है। जिसके कारण जनसेवा भावना से उदासीन हो चुके प्रशासनिक अधिकारी व कर्मचारी से पीड़ित को मिलने में भारी परेशानी और भागमभाग करनी पड़ी। और पीड़ति किसान के परिवार के छोटे छोटे बच्चे व महिलाये धूप में कलेक्ट्रेट परिसर में बाहर फर्श पर बैठी रही। इस दौरान कई अधिकारी व कर्मचारी कलेक्ट्रेट में आते जाते दिखे लेकिन किसी का दिल उन बच्चो पर नहीं पसीजा। इस मार्मिक दृश्य को देखकर मौके पर मौजूद समाजसेवी मुन्नीलाल यादव ने मीडिया को बताया कि फ़सल लूट ली जाने पर न्याय की गुहार लगाने आए किसान के साथ मौजूद महिलाएं और छोटे-छोटे बच्चे कलेक्ट्रेट परिसर में तेज धूप के बीच फर्श पर बैठकर अधिकारियों का इंतजार करते नजर आए, जबकि पीड़ित किसान किसी अधिकारी तक अपनी बात पहुंचाने के लिए इधर-उधर भागदौड़ करता रहा। जबकि कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय अगर होते तो ये दृश्य देखने को नहीं मिलता।

#### इनका कहना है

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की गैरमौजूदगी में किसान परिवार के साथ इस तरह उदासीन रवैया प्रशासन के लिए शर्मनाक बात है।

**मुन्नीलाल यादव,** समाजसेवी व प्रभारी पतंजलि आर्गेनिक रिसर्च इंस्टिट्यूट

### फर्जी दस्तावेज से प्लॉट बेचने का आरोप, 34 लाख की ठगी

**ललितपुर।** जमीन की खरीद-फरोख्त के नाम पर लाखों रुपये की ठगी और फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमीन बेचने का मामला सामने आया है। कोतवाली ललितपुर पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर तीन आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी, कूटरचना और धमकी देने समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के शांतिनगर निवासी अरविंद कुमार जैन पुत्र गोकुलचंद जैन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी मुलाकात ललितपुर निवासी बृजकिशोर शर्मा से हुई थी। बृजकिशोर शर्मा ने आरटीओ नहर रोड के पास स्थित लगभग 1.22 एकड़ जमीन बेचने का प्रस्ताव दिया और जमीन का सौदा करीब 34 लाख रुपये में तय हुआ। दोनों पक्षों के बीच इस संबंध में रजिस्टर्ड एग्रीमेंट भी किया गया था। पीड़ित के अनुसार समझौते के अनुसार उन्होंने अलग-अलग तारीखों में बैंक के माध्यम से आरोपियों को किस्तों में रुपये दिए।

## एसपी मंडलोई ने सुनी जवानों की पीड़ा, समाधान के दिए निर्देश

**14 पुलिसकर्मियों से किया संवाद, बीमार परिजन वाले आरक्षक को दिया दीर्घ अवकाश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



पुलिस बल को केवल एक प्रशासनिक इकाई नहीं बल्कि एक परिवार मानते हुए पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में अधिकारियों और कर्मचारियों की समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ सुना। इस दौरान उन्होंने कर्मचारियों के स्वास्थ्य, पारिवारिक परिस्थितियों और कार्य-जीवन संतुलन से जुड़े मुद्दों पर गंभीरता से चर्चा कर उनके समाधान की दिशा में आवश्यक निर्देश दिए।

मंगलवार को आयोजित इस संवाद में पुलिस अधीक्षक ने जिले के 14 आरक्षक, प्रधान आरक्षक, सहायक उप निरीक्षक और उप निरीक्षक स्तर के अधिकारियों कर्मचारियों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। प्रत्येक कर्मचारी की बात को धैर्य और सहानुभूति के साथ सुनते हुए उनके निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने कर्मचारियों से औपचारिकता से अलग हटकर आत्मीय संवाद स्थापित किया। कई कर्मचारी अपनी पारिवारिक परिस्थितियों, बीमार परिजनों की चिंता, मानसिक दबाव और ड्यूटी के बीच संतुलन की चुनौतियों को साझा करते हुए भावुक भी नजर आए। कार्यक्रम के दौरान यह स्पष्ट संदेश सामने आया कि जब नेतृत्व संवेदनशील होता है तो कर्मचारी अपनी समस्याएं खुलकर रखते हैं और मानसिक रूप से भी मजबूत महसूस करते हैं। संवाद के दौरान एक आरक्षक ने अपने परिजन की गंभीर बीमारी के कारण मानसिक परेशानी का जिक्र किया। स्थिति को समझते हुए पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने तत्काल उन्हें दीर्घ अवकाश स्वीकृत किया और बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। इस निर्णय से संबंधित कर्मचारी भावुक हो उठा और उसने इसे एक अधिकारी नहीं, बल्कि परिवार के सदस्य का साथ बताया। पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित अवकाश आवेदनों का शीघ्र निराकरण किया जाए। बीमारी और पारिवारिक संकट से जुड़े मामलों को प्राथमिकता दी जाए, प्रत्येक प्रकरण में निष्पक्षता के साथ मानवीय दृष्टिकोण अपनाया जाए, उन्होंने कहा कि कर्मचारी कल्याण ही प्रभावी पुलिसिंग की नींव है और किसी भी कर्मचारी को अनावश्यक मानसिक या प्रशासनिक दबाव में नहीं रखा जाएगा।

इस पहल से पुलिस बल के भीतर यह संदेश गया है कि संगठन अपने हर सदस्य के साथ खड़ा है। इससे न केवल कर्मचारियों का मनोबल बढ़ेगा, बल्कि पुलिस और समाज के बीच संवेदनशीलता का भाव भी और मजबूत होगा। टीकमगढ़ पुलिस ने दोहराया कि संवेदनशीलता, सहयोग और विश्वास के साथ मजबूत पुलिस परिवार का निर्माण ही बेहतर पुलिस व्यवस्था की आधारशिला है।

### एसपी ने सुनी आमजन की समस्याएं

## एसपी की जनसुनवाई से जनता में बढ़ रहा भरोसा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले में पुलिस और आमजन के बीच विश्वास को मजबूत करने के उद्देश्य से शुरू की गई साप्ताहिक जनसुनवाई एवं नागरिक संवाद पहल प्रभावी रूप से संचालित हो रही है। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई की इस पहल ने न केवल लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान का रास्ता खोला है, बल्कि पुलिस व्यवस्था को अधिक संवेदनशील और जवाबदेह बनाने की दिशा में भी सकारात्मक परिणाम दिए हैं।

मंगलवार 17 मार्च को जिला मुख्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाहा तथा एसडीओपी टीकमगढ़ राहुल कटरे की उपस्थिति में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याएं सीधे सुनीं। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक व्यक्ति की बात को धैर्यपूर्वक और गंभीरता से सुनते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए, जिससे नागरिकों को अपनी बात रखने के लिए सहज और विश्वासपूर्ण वातावरण मिला। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त आवेदनों को प्राथमिकता के साथ दर्ज किया गया। कई मामलों का मौके पर ही निराकरण किया गया, जबकि लंबित प्रकरणों में निष्पक्ष जांच कर शीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। कार्यक्रम में विशेष रूप से महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों और जरूरतमंद लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता देते हुए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जनसुनवाई की व्यवस्था को केवल जिला मुख्यालय तक सीमित न रखकर थाना और चौकी स्तर तक प्रभावी रूप से लागू किया गया है। इससे लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए दूर-दराज जाने की आवश्यकता नहीं पड़ रही और स्थानीय स्तर पर ही त्वरित निराकरण संभव हो रहा है। इस पहल के सकारात्मक परिणाम भी सामने आए हैं। जिला मुख्यालय पर प्राप्त शिकायतों में करीब 36 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है, जो इस बात का संकेत है कि पुलिस द्वारा जमीनी स्तर पर समयबद्ध और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई का मानना है कि पुलिस और जनता के बीच सीधा संवाद ही विश्वास की सबसे मजबूत कड़ी है। इसी सोच के साथ टीकमगढ़ पुलिस नागरिकों की समस्याओं के समाधान के साथ-साथ उनके मन में सुरक्षा और भरोसे की भावना विकसित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। टीकमगढ़ पुलिस ने स्पष्ट किया है कि संवाद, संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ एक सुरक्षित और विश्वासपूर्ण समाज के निर्माण के लिए पुलिस पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

### युवती को भगा ले जाने का आरोप

**ललितपुर।** थाना बार क्षेत्र के एक गांव में एक युवती को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार महिला ने थाना बार में दी तहरीर में बताया कि उनकी पुत्री बीती 11 मार्च 2026 की रात करीब एक बजे घर से लापता हो गई। परिजनों ने आसपास और रिश्तेदारों के यहां काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। बाद में जानकारी मिली कि एक गांव निवासी नीरज राजा पुत्र स्व.हल्के राजा उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया है। पीड़िता की मां का आरोप है कि इस घटना में राजू लुहार नामक युवक ने भी सहयोग किया है।

## दिल्ली से बरामद हुई नाबालिग, 24 घंटे में आरोपी गिरफ्तार

**अपहरण, दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट की धाराओं में कार्रवाई, वर्ष 2026 में खोजा 36 से अधिक गुम नाबालिगों को**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़






जिले में नाबालिग बालक-बालिकाओं की गुमशुदगी और उनसे जुड़े अपराधों पर अंकुश लगाने पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में संचालित इस अभियान के तहत सभी थाना प्रभारियों को संभावित स्थानों पर सतत जांच, मुखबिर तंत्र को सक्रिय रखने तथा तकनीकी संसाधनों का उपयोग कर गुम नाबालिगों की शीघ्र दस्तयाबी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।


इसी अभियान के तहत थाना बुडेरा क्षेत्र में 16 नवंबर 2025 को एक महिला ने अपनी नाबालिग पुत्री के अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उक्त शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह एवं एसडीओपी टीकमगढ़ राहुल कटरे के मार्गदर्शन में थाना बुडेरा पुलिस की विशेष टीम गठित की गई। टीम ने तकनीकी विश्लेषण और साइबर सेल की मदद से लगातार तलाश जारी रखी और आखिरकार नाबालिग को दिल्ली से सुरक्षित बरामद कर लिया। वैधानिक कार्रवाई एवं मेडिकल परीक्षण के बाद बालिका को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। जांच के दौरान पीड़िता के बयान के आधार पर आरोपी के खिलाफ अपहरण के साथ-साथ दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट की धाराएं भी जोड़ी गईं। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया।

**तेज परिणामों ने स्वयं दर्शाई एसपी अभियान की सफलता:** पुलिस अधीक्षक मंडलोई द्वारा चलाये जा रहे अभियान की तेजी का इसी बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि चलाए जा रहे उक्त अभियान के तहत इस वर्ष 2026 में अब तक विभिन्न राज्यों और महानगरों से 36 से अधिक गुम नाबालिगों को सुरक्षित खोजा गया है और खोजे गये सभी नाबालिगों को उनके परिजनों से मिलाया गया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में की गई इस कार्रवाई में थाना बुडेरा पुलिस और साइबर सेल की टीम का विशेष योगदान रहा। अधिकारियों और कर्मचारियों की तत्परता से नाबालिग को सुरक्षित बरामद कर आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार करना संभव हो सका। टीकमगढ़ पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या गुमशुदगी की जानकारी तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

### मूल किसानों को प्रोत्साहित करने हुई जिला स्तरीय कार्यशाला

## किसानों की आय बढ़ाने में सहायक है जैविक खेती: मुन्नीलाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़






अगर किसानों को हकीकत में खेती को लाभ का धंधा बनाना है तो जैविक व प्राकृतिक खेती ही करनी होगी। जिससे किसानो को खेती में लागत कम और मुनाफा ज्यादा होगा। उक्त संबोधन पतंजलि ऑर्गेनिक रिसर्च इंस्टीट्यूट के प्रभारी मुन्नीलाल यादव ने परंपरागत कृषि विकास योजना के अंतर्गत आयोजित की गई एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला में उपस्थित मूल किसानो को संबोधित करते हुए दिया। किसानों को जैविक एवं प्राकृतिक खेती की ओर प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मंगलवार को परंपरागत कृषि विकास योजना के अंतर्गत एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला कुंडेश्वर रोड स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में आयोजित की गई। कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देश तथा किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग के उप संचालक मनोज कश्यप के मार्गदर्शन में किया गया।

कार्यशाला में पतंजलि ऑर्गेनिक रिसर्च इंस्टीट्यूट के प्रभारी मुन्नीलाल यादव ने परंपरागत कृषि विकास योजना की गतिविधियों की जानकारी देते हुए जिले की प्रगति रिपोर्ट का प्रजेंटेशन प्रस्तुत किया। उन्होंने किसानों से जैविक खेती के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करते हुए भविष्य में इस पद्धति को और अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने पर जोर देते हुए कहा कि जैविक खेती अपनाने से उत्पादन लागत में कमी आती है। जैविक विधि से उत्पादित कृषि उत्पाद प्रमाणीकरण प्रक्रिया के उपरांत अधिक मूल्य पर बेचे जा सकते हैं जिससे किसानों की आय बढ़ने में सहायता मिलेगी। खली, कुक्कुट खाद, सान्द्र खाद खली कुक्कुट खाद और राक फास्फेट का मिश्रण इत्यादि का प्रयोग करना एक उत्तम व किफायती उपाय है। इस अवसर पर दिव्य योग मंदिर ट्रस्ट के स्टेट कोऑर्डिनेटर भुनेश्वर राय ने जैविक खेती के प्रमाणीकरण की प्रक्रिया समझाई तथा आगामी गतिविधियों की जानकारी दी। वहीं सृजन संस्था के दिलीप कश्यप ने प्राकृतिक खेती पर विस्तृत प्रस्तुति देते हुए किसानों और कृषि सखियों को प्रशिक्षण प्रदान किया। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. एके मिश्रा, डॉ. सुनील प्रधान और डॉ. आरके प्रजापति ने भी किसानों को प्राकृतिक एवं जैविक खेती की विभिन्न तकनीकों और गतिविधियों पर प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम के संयोजन का दायित्व किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग के डॉ. दिनेश कुमार जाटव ने निभाया।

कार्यशाला के दौरान वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी आईपी तिवारी तथा जतारा कोऑर्डिनेटर मंगल सिंह ठाकुर ने किसानों को केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी। एईओ केपी अहिरवार ने मंच संचालन करते हुए पतंजलि ऑर्गेनिक रिसर्च इंस्टीट्यूट और कृषि विभाग द्वारा फील्ड स्तर पर किए जा रहे कार्यों से भी अवगत कराया। इस अवसर पर त्रिदेव गौ मानव सेवा समिति और जन संकल्प जन कल्याण समिति के प्रतिनिधियों ने गांवों में चल रहे जैविक खेती संबंधी कार्यों की जानकारी साझा की। कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रजातंत्र गंगेले, विकास यादव तथा पतंजलि किसान सेवा समिति के जिला प्रभारी श्याम यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यशाला के दौरान किसानों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा किसान सम्मान निधि की 23वीं किस्त किसानों के खातों में हस्तांतरित किए जाने का लाइव प्रसारण भी देखा। अंत में डॉ. डीके जाटव ने सभी अतिथियों एवं किसानों का आभार व्यक्त किया।

### पटवारी की वेतन वृद्धि रोकने के फैसले को बताया तुगलगी फरमान

# एसडीएम के खिलाफ पटवारियों ने खोला मोर्चा, काम छोड़ बैठे धरने पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

श्योपुर एसडीएम गगन मीणा के खिलाफ पटवारियों ने मोर्चा खोलते हुए धरना शुरू कर दिया है। एसडीएम के द्वारा एक पटवारी की वेतन वृद्धि रोकने के निर्णय को पटवारी तुगलगी फरमान बताते हुए काम छोड़ धरने पर बैठ गए हैं। एसडीएम के खिलाफ पटवारी संघ द्वारा मोर्चा खोले जाने से क्षेत्र में विषम स्थिति पैदा हो गई है। क्योंकि इस समय सरकारी समर्थन मूल्य पर फसल खरीद के लिए पंजीयन हो रहे हैं और ऐसे में पटवारियों की हड़ताल होने से खरीद पर विपरीत असर पड़ सकता है। तहसील स्तरीय पटवारी संघ द्वारा की जा रही हड़ताल का समर्थन पूरे जिले के पटवारियों की ओर मिल रहा है।

पटवारी संघ के तहसील अध्यक्ष अशोक बिसारिया ने बताया कि श्योपुर जिले के पटवारियों की जायज मांगों के संबंध में पिछले दिनों ज्ञापन दिया गया था। विरोध स्वरूप 18 फरवरी से 20 फरवरी तक तीन दिवस के सामुहिक अवकाश पर रहे संघ द्वारा किसानों से जुडे फसल गिरदावरी कार्य, कक्षा 10 वीं, 12 वीं की परीक्षा को दृष्टिगत रखते हुये अपना आन्दोलन स्थगित कर सभी पटवारी अपने कार्य पर वापस आ गये पटवारियों द्वारा समय सीमा में किसानों से संबंधित गिरदावरी कार्य पूर्ण किया जिसके फलस्वरूप सभी किसानों ने फसल विक्रय के पंजीयन कराये है पटवारियों द्वारा परीक्षा ड्यूटी के साथ साथ राजस्व वसूली जिसमे अर्थदण्ड, डायवर्सन, भू-आगम की वसूनी भी कराई है। वर्तमान में श्योपुर तहसील में एक करोड रूपये से अधिक राशि की वसूली जमा कराई है जो गत वर्ष की वसूली से अधिक है। इसके बावजूद भी पटवारियों को रोजाना डराया धमकाया जा रहा है एवं अवैधानिक कार्यावाहियां की जा रही है। उन्होंने बताया कि पटवारी अमरेश मीणा का हल्का जलालपुरा नक्शा विहीन ग्राम है पूर्व में नक्शा न होने से पटवारियों द्वारा ग्राम जलालपुरा में अतिक्रमण की रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की थी। वर्तमान में भी नक्श विहीन ग्राम होने के कारण पटवारी अमरेश मीणा द्वारा मीटिंग 09/03/2026 तक अतिक्रमण रिपोर्ट पेश नहीं की थी। अनुविभागीय अधिकारी द्वारा अर्थदण्ड वसूली की समीक्षा में ग्राम जलालपुरा की अर्थदण्ड वसूली शून्य होनें से नाराजगी व्यक्त की, अनुविभागीय अधिकारी द्वारा पूर्व पदस्थ रहे पटवारियों से अर्थदण्ड वसूली न होने की जानकारी पूछने पर उन्होने बताया की ग्राम जलालपुरा नक्शा विहीन ग्राम है इस कारण से वहां अतिक्रमण चिंहीत करना कठीन वे मुश्किल कार्य है इस कारण से ग्राम जलालपुरा में अर्थदण्ड वसूला पटवारियों ने सहमती बनाकर सिंचाई विभाग के पुराने नक्शे से अतिक्रमण चिन्हित कर हटाने में सहयोग किया इसके बावजूद भी पटवारी अमरेश के जवाब से असहमत होते हुये अनुविभागीय अधिकारी श्योपुर द्वारा एक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकने का आदेश किया गया। इस आदेश से सभी पटवारी भयभीत है।



### पूर्व में भी हुआ था इस तरह का विरोध

एसडीएम के खिलाफ पटवारियों का लामबंद होना कोई पहला अवसर नहीं है इससे पहले भी एसडीएम लोकेंद्र सरल के खिलाफ पटवारी लामबंद होकर ज्ञापन दिया था तब जिला पटवारी संघ ने तत्कालीन एसडीएम लोकेंद्र सरल द्वारा पटवारियों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई से पटवारी संघ नाराज हो गया था बैठकों में पटवारी से गलत आचरण करने से नाराज होकर उस समय भी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया था।

### यूं ही कोई बेवफा नहीं होता...

कुछ तो मजबूरियां रही होंगी, यूं कोई बेवफ़ा नहीं होता। मशहूर शायर डॉ बशीर बद्र की गजल की ये पंक्तियां पटवारियों की हड़ताल पर सटीक साबित होती हैं। दरअसल राजस्व विभाग में एसडीएम पटवारी का नियोक्ता अधिकारी होता है यानी पटवारी की नियुक्ति एसडीएम द्वारा की जाती है और उसे ही पटवारी को सेवा से पृथक करने के अधिकार भी होते हैं। इसके बावजूद पटवारियों द्वारा एसडीएम के खिलाफ बगावत करना आम बात नहीं इसके ओर ही मायने निकाले जा रहे हैं। कुछ लोग इसे जलालपुरा में जमीन को लेकर जबरिया कब्जा हटाने को आधार बता रहे हैं तो कुछ राजनीतिक दबाव में पटवारी से वह काम कराने की बात बोल रहे हैं जिसके बाद कानूनी कार्रवाई में पटवारी का फंसना लाजमी है ऐसी स्थिति में पटवारी के आगे इधर कुआं उधर खाई वाली कहावत चरितार्थ हो रही है जिसके चलते मजबूरी में पटवारी संघ को अपने पटवारी को बचाने के लिए उसके समर्थन में खड़ा होना पड़ा है।

### चेयर रेस में लक्ष्मी और कृष्णा रही प्रथम, फैंसी ड्रेस में प्रतीक ने पाया प्रथम स्थान

# बच्चों ने फैंसी ड्रेस तो युवती और महिलाओं ने चेयर रेस में दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

गौतम ब्राह्मण समाज श्योपुर द्वारा इन दिनों अपने आराध्य महर्षि गौतम जी का जयंती महोत्सव मनाया जा रहा है। इस महोत्सव के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को गौतम ब्राह्मण महिला मंडल एवं युवती मंडल की अगुवाई में फैंसी ड्रेस और चेयर रेस प्रतियोगिता आयोजित की गई। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता के दौरान जहां बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, वहीं चेयर रेस प्रतियोगिता के दौरान महिला और युवतियां ने भी अपनी प्रतिभा दिखाई।

शहर के किला रोड स्थित गौतम धर्मशाला में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरूआत महर्षि गौतमजी की तस्वीर पर माल्यार्पण करने और दीप प्रज्वलन किए जाने के साथ हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाज की वरिष्ठ महिलाएं गीता देवी गौतम, चेतना गौतम, अंशु गौतम, प्रभा गौतम मौजूद रही। सभी अतिथियों का स्वागत सत्कार किए जाने के बाद कार्यक्रम की शुरूआत की गई। सबसे पहले फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें 5 से 10 वर्ष के बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लेकर कई तरह स्वरूप धरकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वहीं बच्चों के साथही युवतियां और महिलाओं की चेयर रेस प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें बच्चों के अलावा महिला और युवतियां ने उत्साह जनक तरीके से भागीदारी करते हुए अपनी प्रतिभा दिखाई। महिला मंडल अध्यक्ष स्मिता गौतम ने बताया कि युवतियों की चेयर रेस प्रतियोगिता में लक्ष्मी गौतम प्रथम, करूणा गौतम द्वितीय तथा महिलाओं की चेयर रेस में कृष्णा गौतम ने प्रथम तथा प्रिया गौतम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसके पूर्व बच्चों की दो राउंड की स्पून रेस भी आयोजित कराई गई। पहले राउंड की स्पून रेस में परी गौतम प्रथम, तुषित गौतम द्वितीय तथा दूसरे राउंड में निशिका गौतम प्रथम एवं दीक्षा गौतम द्वितीय स्थान पर रही।फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में जिया गौतम और युवराज गौतम विजेता बने। सभी विजेताओ को कार्यक्रम के अंत में अतिथियों के द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में बडी संख्या में समाज की महिला और युवतियां मौजूद थी।





### सम्मान समारोह और सुंदरकाण्ड पाठ का आयोजन आज

गौतम जयंती महोत्सव के तहत 18 मार्च को सायं 5 बजे से किला रोड स्थित गौतम धर्मशाला में वृद्धजन एवं मैधावी छात्र सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। जिसमें समाज के वृद्धजनों का सम्मान किए जाने के साथही उन युवाओं का सम्मान भी किया जाएगा, जिन्हें उल्लेखनीय कार्य करते हुए समाज का गौरव बढाया है। इसी दिन शाम 7 बजे सुंदरकाण्ड का सामूहिक वाचन व प्रसाद वितरण कार्यक्रम भी गौतम धर्मशाला में आयोजित किया जाएगा।

# रात भर जागकर की शब्बेदारी, कुरआन मुकम्मल हाफिजों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

26 रोजे पूरे होने पर रमजान माह की 27 वीं रात को मुस्लिम समाज ने मस्जिदों में जागकर शब्बेदारी की। इस दौरान एक माह तक मस्जिदों में तरावीह (रमजान माह में पढ़ी जाने वाली विशेष नमाज) में कुरान शरीफ पढ़ाने वाले हाफिजों का मस्जिद कमेटियों द्वारा सम्मान किया गया।

रमजान माह की 27वीं रात मुस्लिम समाज शब ए कद्र मानता है ऐसी धारणा है कि इस रात साल में एक पल ऐसा आता है जो हजारों सालों से अफजल होता है उस पल को ग्रहण करने के उद्देश्य से मुस्लिम समाज रात भर जागकर इबादत करता है। इस क्रम में सभी मस्जिदों में रात भर जगा कर इबादत की गई इससे पहले तरावीह की नमाज में कुरान मुकम्मल होने पर तराबीह पढ़ाने वाले हाफिजों का मस्जिद कमेटियों की ओर से स्वागत करते हुए उन्हें नए कपड़े और नगद राशि उपहार में दी।



### बच्चों को बांटी ईदी, बड़ों ने मनाया नमाज मिलन समारोह

इस दौरान जामा मस्जिद जमातखाना में नमाजी मिलन समारोह भी आयोजित हुआ। वक्फ इंतजामिया कमेटी जमातखाना के सदर इंसाफ कुरैशी ने नमाजजिओ को बताया कि एक माह तक हमने जो नमाज पढ़ी गई है वह एक ट्रेनिंग थी अब हमें पूरे साल के 12 महीने नमाज पढ़ना है क्योंकि नमाज पूरे साल और दिन में पांच वक्त फर्ज है। उन्होंने कहा कि मस्जिद में नमाज पढ़ने का मकसद लोगों से मिलना एक दूसरे की तकलीफ को समझना उसे दूर करना भी होता है इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए नमाजी मिलन कार्यक्रम किया गया जिसमें मस्जिद कमेटी की ओर से सभी नमाजियों का शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया।साथ ही बच्चों को पढ़ाई के लिए कलर पेंसिल सेट और नगद राशि एडवांस ईदी के रूप में उपहार दी। यह बच्चे पूरे महीने मस्जिद में तरहबीह पढ़ने आय थे।

### क्षमता वृद्धि प्रशिक्षण आयोजित



श्योपुर। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद श्योपुर विकासखंड की श्योपुर सेक्टर की नवांकुर संस्था मातृ छाया संस्थान, समिति द्वारा एक दिवसीय सेक्टर स्तरीय प्रस्फुटन शक्ति संचय अभियान के अंतर्गत ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों का क्षमता वर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम निजी कोचिंग संस्था, सात निमड़ी, पाली रोड पर संपन्न हुआ।जिसमें समस्त ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के पदाधिकारी गण शामिल हुए। सर्वप्रथम प्रथम सत्र मुख्य अतिथि समाजसेवी अभिजीत मिश्रा के द्वारा समग्र ग्राम विकास की अवधारणा ओर प्रस्फुटन समितियों की सहभागिता पर विस्तृत अपनी बात रखी। द्वितीय सत्र में विशिष्ट अतिथि नगर पालिका उपाध्यक्ष संजय महाना द्वारा शासन की योजनाओं के बारे में बताया गया। तृतीय सत्र में जिला समन्वयक नेहा सिंह ने जन अभियान परिषद, नवांकुर संस्था एवं प्रस्फुटन समितियां मिलकर किस प्रकार कार्य कर रही हे इसके बारे में विस्तृत रूप से अपनी बात रखी। चतुर्थ सत्र में मातृ छाया संस्थान के सचिव भास्कराचार्य टकसाली ने प्रशिक्षार्थियों को प्रशिक्षण की आवश्यकता ओर रूप रेखा से अवगत कराया। अंतिम सत्र मेंटर विप्लव शर्मा के द्वारा लिया गया जिसमे एम आई एस फीडिंग की जानकारी, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के साथ ही ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के दस्तावेजीकरण के बारे में बताया गया।आभार प्रदर्शन नगर विकास प्रस्फुटन समिति की अध्यक्ष ममता मित्तल द्वारा किया गया

### किसान संघ ने मनाई बलराम जयंती, सौंपा ज्ञापन




श्योपुर। भारतीय किसान संघ ने मंगलवार को श्योपुर कृषि उपज मंडी प्रांगण में एक कार्यक्रम आयोजित कर भगवान बलराम की जयंती मनाई। इसके बाद किसानों की विभिन्न समस्याओ को लेकर मंडी प्रशासक को ज्ञापन सौपा गया। ज्ञापन सौपने के दौरान बडी संख्या में किसान संघ पदाधिकारी व किसान मौजूद थे।

### अपर कलेक्टर ने विजेता 21 बच्चों को प्रदान किए मेडल एवं प्रमाण पत्र

# अपनी कमजोरी और कमी को निराशा मत समझो, उसे संबल बना लो:रूपेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कलेक्टर अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जिला स्तरीय ओलम्पियाड सम्मान समारोह के दौरान अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि अपनी कमजोरी और कमी को कभी निराशा मत समझों, बल्कि उसे संबल बना लो और अपने आप पर गौरव रखो तथा कठिन परिश्रम से बाधाओं को पार करते हुए सदैव आगे बढते चलों।

अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय ने विजेता बच्चों को पढाई में आगे बढने और अपना लक्ष्य निर्धारित करने के संबंध में महत्वपूर्ण टिप्स देते हुए कहा कि हर बच्चे में अंनन्त संभावनाएं विद्यमान है। उन्होने ओलम्पियाड परीक्षा में प्रखर बुद्धि से अपना बेहतर प्रदर्शन करने वाले सभी बच्चों को आगे पढने, बढने तथा आकाश छूने के लिए शुभकामनाएं दी। इसके साथ ही उन्होने कार्यक्रम में मौजूद बच्चों के अभिभावको से अपील की कि बच्चों को पढने के लिए बेहतर वातावरण उपलब्ध करायें। उन्होने बच्चों को मार्गदर्शन प्रदान करने वाले संबंधित विद्यालय के शिक्षको को भी बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी तथा कहा कि अपने गुरू होने की भूमिका निभाते हुए देश और समाज के लिए बेहतर भविष्य बनाने की दिशा में कार्य करें। इस अवसर पर अपर कलेक्टर द्वारा बच्चों को जिला स्तरीय ओलम्पियाड प्रतियोगिता 2025-26 में चयनित होने के लिए मेडल पहनाये गये तथा शील्ड एवं प्रशस्ती पत्र प्रदान किये गये। इसके साथ ही बच्चों को किट के रूप में स्कूल बैग, ट्रेक सूट, कैप, लंच बॉक्स, वाटर बॉटल, ज्योमेट्री बॉक्स, कॉपी, कलर, पेन्सिल इत्यादि पठन सामग्री भेंट की गई। कार्यक्रम के दौरान डीपीसी भूपेन्द्र शर्मा, एपीसी राकेश शर्मा, बीआरसी, शिक्षकगण एवं बच्चों के अभिभावक आदि उपस्थित थे।




### इन्हें किया गया सम्मानित

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित उक्त कार्यक्रम में जिन बच्चों को सम्मानित किया गया, उनमें नेवी अमूले शा. प्राथमिक कन्या स्कूल इकलौद, सौम्या शर्मा शा. सेटेलाइट स्कूल मोगियापुरा, प्रशांत रावत शा. मिडिल स्कूल बांगरोद, रूतवी शाक्य शा. प्रायमरी स्कूल गोहरा, हेमंत कुशवाह शा. प्राथमिक स्कूल बासेड, तरूण मुदगल, सागर गुप्ता एवं अर्थव चौरसिया शा. हायर सैकेण्डरी मॉडल स्कूल विजयपुर, इशांत शर्मा शा. सेटेलाइट स्कूल मनफूल का डेरा, अर्जुन जादौन शा. प्राथमिक विद्यालय काठोन, रूचि तोमर शा. विद्यालय फूलदा, विष्णु रावत शा. प्राथमिक स्कूल हुल्लपुर, मनीष माली शा. मिडिल स्कूल बलावनी, कार्तिक शिवहरे एवं सैफान सहगल शा. हायर सैकेण्डरी स्कूल श्यामपुर, कीर्ति यादव शा. मिडिल स्कूल खिरखिरी, वर्षा बैरवा शा. मिडिल स्कूल गिरधरपुर, मंयक वर्मा शा. मिडिल स्कूल बरगवा, प्रियांशु राठौर शा. मिडिल स्कूल पालपुर, तनुज सिंहल शा. मिडिल स्कूल इकलौद तथा हर्षिता ओझा शा. मिडिल स्कूल खिरखिरी को पुरस्कार प्रदान किये गये। इसके साथ ही संबंधित स्कूलों के मार्गदर्शक शिक्षको को भी शील्ड एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये गये।

### जनसुनवाई में समस्या लेकर पहुंचे 169 लोग,मौके पर ही निपटाई कई आवेदकों की समस्याए

# सरकारी सम्मेलन में होगी करणलाल की बेटी की शादी, साबो बाई को मिलेगी किसान सम्मान निधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

बेटी की शादी को लेकर परेशान बने ग्राम मयापुर निवासी करणलाल आदिवासी की यह परेशानी अब मिट गई है,क्योंकि उसकी बेटी की शादी अब शासन की मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन में निःशुल्क होगी। वहीं अब साबो बाई को पीएम किसान सम्मान निधी का लाभ मिलना शुरू हो जाएगा। ऐसा इसलिए कि मंगलवार को जनसुनवाई कर रहे अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय ने जनसुनवाई के दौरान इन दोनो व्यक्तियों की समस्याओं को निराकरण किए जाने के निर्देश मौके पर ही अधिकारियों को दे दिए थे।

दरअसल मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर जन सुनवाई कर रहे थे। जनसुनवाई के दौरान एसडीएम गगन सिंह मीणा, डिप्टी कलेक्टर विजय शाक्य सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। जनसुनवाई के दौरान 169 लोग अपनी अपनी समस्याए लेकर पहुंचे और उन्होने अपर कलेक्टर को अपनी अपनी समस्याएं अवगत कराते हुए उनका निदान करवाया जाने की बात रखी। जनसुनवाई में पहुंचे ग्राम मयापुर निवासी करणलाल आदिवासी आवेदन सौंपकर अपर कलेक्टर को बताया कि उसकी बेटी की शादी को लेकर वह बहुत चिंतित हो रहा है,क्योंकि घर की आर्थिक स्थिति इतनी अच्छी नहीं है कि वह बेटी की शादी धूमधाम से बारात घर बुलाकर घर से कर सके। करणलाल आदिवासी की इस समस्या को सुनने के बाद अपर कलेक्टर उपाध्याय ने सीईओ जनपद श्योपुर एसएस भटनागर को निर्देशित किया गया कि आवेदक के कन्यादान योजना से संबंधित दस्तावेज प्राप्त कर निर्धारित तिथियों में योजना के तहत आयोजित होने वाले सामुहिक विवाह सम्मेलन में शामिल करते हुए उसे मुख्यमंत्री कन्यादान योजना का लाभ प्रदान किया जाए। इसी तरह पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ नहीं मिलने की परेशानी लेकर पहुंची ग्राम मुदालापाडा निवासी महिला साबो बाई ने बताया कि उसे पात्र होने के बाद भी पीएम किसान सम्मान निधी का लाभ प्राप्त नहीं हो रहा है। जरूरी दस्तावेज देने के बाद भी जिम्मेदार उसकी कोई सुनवाई नहीं कर रहे है। इस मामले में गंभीर हुए अपर कलेक्टर ने तत्काल एसएलआर कुलदीप बोहरे को निर्देश दिए कि उक्त महिला को पीएम किसान सम्मान निधी का लाभ क्यां नहीं मिल रहा है,इसका पता करवाते हुए उसे पीएम किसान सम्मान का लाभ आवश्यक रूप से दिलवाया जाए। अपर कलेक्टर ने इनके अलावा अन्य कई आवेदकों की समस्याओं का मौके पर निपटारा किया। जबकि शेष समस्याओं का समाधान जल्द करवाए जाने का भरोसा आवेदको को दिया।




### 5 हितग्राहियों को मिलेगा संबल योजना का लाभ

अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय ने जनसुनवाई के दौरान मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना अंतर्गत अनुग्रह सहायता प्रदान किये जाने संबंधी 5 आवेदनों का निराकरण करते हुए हितग्राहियों को अवगत कराया गया कि उनके प्रकरणों में ईपीओ जारी हो चुका है तथा शीघ्र ही बैंक खातो के माध्यम से राशि प्राप्त होगी। बता दें कि महिला वनस्पति आदिवासी निवासी सिरसौद द्वारा अपने पति स्व. सियाराम आदिवासी की मृत्यु पर, प्रकाशी बाई मीणा निवासी मूंडला द्वारा अपने पति स्व. रामअवतार मीणा की सामान्य मृत्यु पर, हरिओम गुर्जर निवासी ग्राम राडेप द्वारा अपने पिता स्व. रामचरण गुर्जर की सामान्य मृत्यु पर एवं गुड्डी आदिवासी निवासी आवदा द्वारा अपने पति स्व. जगराम आदिवासी की सामान्य मृत्यु होने संबंधी मामले में अनुग्रह राशि प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किए थे। इनके आवेदनो के परीक्षण उपरांत संबंधित आवेदको को अवगत कराया कि सभी प्रकरणों में दो-दो लाख रूपये की अनुग्रह सहायता राशि स्वीकृत हो गई है। इसी प्रकार ग्राम जमूदी निवासी पातिराम कुशवाह द्वारा अपनी पत्नि स्व. रामा बाई की खेत में काम करने के दौरान करंट लगने से हुई मृत्यु पर संबल योजना अंतर्गत अनुग्रह राशि की मांग की गई थी। इस मामले में अपर कलेक्टर ने आवेदन के परीक्षण उपरांत जानकारी दी गई कि योजना के तहत दुर्घटना में मृत्यु पर 4 लाख रूपये की अनुग्रह सहायता राशि स्वीकृत की गई है। उक्त सभी हितग्राहियों को डीबीटी के माध्यम से राशि प्राप्त होगी।

# कार्यकर्ताओं को गढ़ने का काम करता है प्रशिक्षण:शशांक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

भाजपा श्योपुर ग्रामीण मंडल द्वारा मंगलवार को अग्रसेन परिणय वाटिका में पं.दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के चिंतन से प्रेरित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का आयोजन किया गया। जिसमें अपेक्षित श्रेणी के कार्यकर्ताओं द्वारा भागीदारी करते हुए प्रशिक्षण प्राप्त किया गया। इस मौके पर संगठन कार्य विस्तार विषय पर सम्बोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित संगठन है प्रशिक्षण ही कार्यकर्ताओं को विचार की दिशा में ले जाने का कार्य करता है उन्होंने कहा जिले के 14 मंडलों में कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण कार्यकर्ताओ के लिए जरूरी है जिससे कार्यकर्ताओ को गढ़ने का कार्य किया जाता है।

भाजपा का इतिहास एवं विकास विषय पर सम्बोधित करते हुए प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कैलाश नारायण गुप्ता ने कहा कि यह महाअभियान पंडित दीनदयाल उपाध्याय के 'व्यक्ति निर्माण से संगठन निर्माण और संगठन निर्माण से राष्ट्र निर्माण' के सिद्धांत को आत्मसात करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने हेतु संगठन को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा। प्रशिक्षण में भाजपा कार्यप्रणाली विषय पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य महावीर सिंह सिसौदिया ने कहा कि भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है भाजपा के वर्तमान कार्यकर्ता ही वही असली चेहरे होते हैं जो विचारधारा के लिए काम करते हैं पार्टी के कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण ही हमारे लिए सर्वोपरियों और प्रेरणादायक बनेगा ताकि पार्टी कार्यकर्ताओं में एक दूसरे के प्रति और संगठन के प्रति भाग जागृत हो। प्रदेश सरकार की उपलब्धियां विषय पर पूर्व विधायक बृजराज सिंह चौहान ने कहा कि संकल्प से सिद्धी, विकसित भारत 2047 सहित कई ऐसे मिशन है जिसे आगे बढ़ाने में भाजपा की सरकार उत्कृष्ट योजनाओं का संचालन कर रही हैं। आने वाला समय विकसित भारत की परिकल्पना से पूर्ण होगा।इस अवसर पर पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह जाट, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष लेखराज गूर्जर, दिनेशराज दुबोलिया, हरिसिंह मीणा, महिला जिलाध्यक्ष सरोज तोमर, महामंत्री संजय अकोदिया सहित अपेक्षित कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रशिक्षण का संचालन जिला उपाध्यक्ष महावीर मित्तल ने किया।



## मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आजाद मोहल्ला निवासी अल्ताफ हुसैन ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रफीक खान व अन्य दो लोगों ने पुरानी रंजिस पर से तलवार से हमला कर उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अखाई कृष्ण निवासी प्रकाश वंशकार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी विजय और सतीश अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम वायंगा निवासी शिशुपाल यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अमरजीत और अभिजीत और राजेन्द्र यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बायवेनी निवासी राजवेन्द्र लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी नरेश, मोहन और दिलीप लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से मोहन लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि राजवेन्द्र लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के नईसरायं थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम शाजापुर तिगरी निवासी धर्मेन्द्र रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सोने और दिलीप रघुवंशी ने उससे मारपीट की पुलिस ने मेडिकल रिपोर्ट पर से मामला दर्ज किया है। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत कलारी मोहल्ला मुंगावली निवासी आरती बाई अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी उसके पति राजाबाबू अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### आक्रोशित लोगों ने सड़क पर किया चक्काजाम, प्रशासन की समझाइश के बाद माने

# अशोकनगर में गैस सिलेंडर की किल्लत! कालाबाजारी के आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





जिले में गैस सिलेंडर की किल्लत और कालाबाजारी के आरोपों को लेकर लोगों ने प्रदर्शन किया। डीसी गैस गोदाम पर गैस सिलेण्डर न मिलने से आक्रोशित उपभोक्ताओं ने सड़क पर सिलेंडर रखकर चक्का जाम कर दिया।

यह चक्का जाम काफी देर तक चला। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि वे कई दिनों से सिलेंडर के लिए चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उन्हें कमी बताई जा रही है। उन्होंने यह भी दावा किया कि सुबह 7 बजे सिलेंडर रिक्शा के माध्यम से बाजार में सप्लाई किए जा रहे हैं और घरेलू सिलेंडरों की आपूर्ति होटलों में की जा रही है। यह घटना दुबे अस्पताल चैराहे के पास हुई। सूचना मिलते ही तहसीलदार भारतेंदु यादव, खाद्य अधिकारी प्राची शर्मा और पुलिस बल मौके पर पहुंचा। अधिकारियों ने उपभोक्ताओं से बात की और उन्हें शांत करने का प्रयास किया। खाद्य अधिकारी प्राची शर्मा ने बताया कि प्रदर्शनकारी उपभोक्ताओं के नाम और मोबाइल नंबर नोट कर लिए गए हैं। उन्हें होम डिलीवरी के लिए कहा गया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि एजेंसी पर सिलेंडर उपलब्ध न होने के बावजूद, उनके घरों तक सिलेंडर पहुंचाए जाएंगे।




चंदेरी में होटलों और रेस्टोरेंटो पर घरेलू गैस सिलेण्डर मिले, जांच दल ने कार्यवाही की। अनुविभाग चंदेरी अंतर्गत संचालित होटल एवं रेस्टोरेंट में घरेलू गैस सिलेंडरों का अवैध उपयोग की शिकायतें प्राप्त होने पर अनुविभागीय अधिकारी चंदेरी के निर्देशानुसार संयुक्त जांच दल द्वारा छापामार कार्यवाही की गई।

जांच दल में तहसीलदार दिलीप दरोगा, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी संजीत सिंह चंदेरी, राजस्व निरीक्षक सत्येन्द्र पुरोहित चंदेरी तथा कंप्यूटर ऑपरेटर रविकुमार शामिल रहे। दल द्वारा अनुविभाग चंदेरी के विभिन्न होटल एवं रेस्टोरेंट का निरीक्षण किया गया, जिसमें यादगार रेस्टोरेंट से 02 घरेलू गैस सिलेंडर,मोनू स्वीट्स से 01 सिलेंडर, राज भोजनालय से 01 सिलेंडर, जैन स्वीट्स, दिल्ली, दरवाजा चंदेरी से 01सिलेंडर, भोपाली चाइनीज सेंटर से 01 सिलेंडर घरेलू गैस सिलेंडरों का अवैध रूप से व्यावसायिक उपयोग करते हुए पाए जाने पर गैस सिलेडर जब्त किए गए तथा संबंधित प्रतिष्ठानों के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

## बिजली कर्मचारी महासंघ ने भरी हुंकार, प्रदेश में छा सकता है अंधकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर




मध्यप्रदेश में भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध बिजली कर्मचारी महासंघ द्वारा लगातार विद्युत कर्मियों की जायज मांगों के संबंध में लिखित मौखिक निवेदन के उपरांत निराकरण नहीं होने के कारण प्रदेश स्तर पर लिए गए निर्णय के आधार पर 12 सूत्रीय मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन का शंखनाद कर दिया गया है।

जिसमें प्रमुख मांगों के रूप में संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण, नियमित कर्मचारियों की वेतन विसंगति, वन टाइम गृह जिला स्थानांतरण नीति लागू करना, आउटसोर्स श्रमिकों को हरियाणा एवं उत्तरप्रदेश की तर्ज पर निगम मंडल की स्थापना करना, विद्युत पेंशनरों की पेंशन भुगतान राज्य कर्मचारियों की तरह कोषालय के माध्यम से भुगतान की व्यवस्था की जाए एवं मंडल के समय से नियुक्त मीटर रीडरों का'संविलियन, साथ ही उच्च शिक्षा प्राप्त कर्मचारियों अधिकारियों की मांगे के साथ सभी वर्गों के कर्मचारियों की मांगे रखी गई है। कर्मचारियों की मांगे पूरी नही होने के कारण संगठन द्वारा तीन चरणों में आंदोलन की घोषणा की गई है ।

ज्ञात हो कि 06 मार्च 2026 को प्रदेश की राजधानी भोपाल में प्रबंध संचालक, के कार्यालय के बाहर भारी संख्या में संविदा नियमित एवं आउटसोर्स कर्मचारी द्वारा भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध विद्युत कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष एवम्-महामंत्री सहित पूर्व, पश्चिम एवं मध्य क्षेत्र के महामंत्री की उपस्थिति में ऊर्जा मंत्री के नाम प्रबंध संचालक, मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी, को ज्ञापन सौंपा गया था। 16 मार्च को अशोकनगर विधुत वितरण कंपनी के डिवीजनल कार्यालय के बाहर सौंपे गए ज्ञापन में भारतीय मजदूर संघ जिलाध्यक्ष हैरी रघुवंशी, चिरोंजीलाल शर्मा, सेवानिवृत्त बाबूजी अजीत जैन, मदन माली, कमलेश जैन, सतीश मिश्रा, हेमंत शर्मा, भरत व्यास, रितिक राठौर, पवन सोलंकी, अंशुल निगम, निशा जादौन, बाबूलाल अहिरवार, नरेंद्र सिंह परते, पंजीलाल मेहरा, विभव गौतम अशोक अग्निहोत्री, अभिषेक राजपूत, दीपक राय, उत्तम पांडे, सूर्यकांत तिवारी, प्रीतम लाल अहिरवार, लीलाधर अहिरवार, दिनेश बर्मन, दशरथ प्रजापति, रामलाल कुशवाहा, अभिमन्यु पटेल, बृजेश पटेल, त्रिवेणी प्रसाद तिवारी, आशीष विश्वकर्मा, बाबूराम पटेल, विनोद कुमार जैन एवं विभिन्न अनुसांगिक संगठनों के लगभग 50 सदस्य एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

एक गया दूसरा आया यही कार्यक्रम चलता आ रहा है

## पीएचई विभाग का कार्यपालन यंत्री कार्यालय 2007 में खुला, 19 वर्षों में 30 अधिकारियों की हुई बदली







हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिला मुख्यालय पर पीएचई कार्यालय अधिकारियों के स्थायी रूप से न रहने के कारण चर्चाओं में बना है यहां 19 वर्षों में अब तक 30 कार्यपालन यंत्रियों की बदली हो चुकी है इस कार्यालय की शुरूआत गुना से विभाजन के बाद वर्ष 2007 में हुई थी। वर्तमान में नए कार्यपालन यंत्री के रूप में कुलदीप कुशवाह आए हैं, वह इसके पहले गुना में पदस्थ थे। उन्हें अशोकनगर का प्रभार प्रदान किया गया है। अगर 19 वर्षों में बदले गए इन कार्यपालन यंत्रियों की चर्चा करें तो अधिकांश कार्यपालन यंत्री कुछ महिने ही रहे, और स्थानांतरित होकर चले गए। यहां पहले कार्यपालन यंत्री राजेन्द्र सिंह भदौरिया 23/06/2007 को पदस्थ हुए थे और वह 23/10/2007 तक रहे, उनके बाद अशोककुमार मिश्रा आए वह 14/10/2007 से 10/5/2008 तक रहे, फिर ताराचंद पांचाल 11/5/2008 से 16/06/2008 तक रहे यह मात्र एक महीने ही पदस्थ रहे। चैथे अधिकारी के रूप में एसएल धुर्वे आए वह भी एक साल तक पदस्थ रहे, वह 19/06/2008 से 19/06/2009 तक पदस्थ रहे। पांचवे अधिकारी के रूप में बीबी पांडे आए वह 2 माह पदस्थ रहे, 19/06/2009 से 27/08/2009 तक रहे, छटवे अधिकारी के रूप में यूएस पांडे आए और वह 27/08/2009 से 11/09/2009 तक मात्र 15 दिन ही रहे। सातवे अधिकारी के रूप में एसएल तिड़गांव आए वह 11/09/2009 से 08/07/2011 तक लगभग 2 साल रहे।

### 4 वर्ष में 5 अधिकारी बदले

26वें अधिकारी के रूप में एनएस भूरिया 14/07/2023 से 11/03/2024 तक पदस्थ रहे। 27वे अधिकारी के रूप में एसके जाटव 11/03/2024 से 6 माह के लिए पदस्थ रहे। उसके बाद मुकुल भटनागर, अमन दाहिया, आए वह भी कुछ महीने रूककर चले गए। अब प्रभारी अधिकारी के रूप में वर्तमान में कुलदीप कुशवाह कार्यपालन यंत्री का कार्य देख रहे हैं।16 मार्च फोटो न.13 अधिकारियों की पदस्थापना की सूची।

### 2011 से 2017 तक 6 वर्ष में 10 अधिकारी बदले गए

फिर 8वे अधिकारी के रूप में यूएस पांडे आए वह 08/07/2011 से 12/07/2011 तक मात्र 4 दिन रहे। नौवे अधिकारी के रूपए में एचएस धुर्वे आए वह 12/07/2011 से 26/04/2013 तक पदस्थ रहे। 10वे अधिकारी के रूप में यूएस वर्मा 26/04/13 को पदस्थ हुए और 29/11/2013 तक 7 माह पदस्थ रहे। 11वें अधिकारी के रूप में एसएस चैहान 29/11/2013 से 11/12/13 तक मात्र 15 दिन ही पदस्थ रहे। 12 अधिकारी के रूप में यूएस वर्मा 11/12/13 से 03/06/2014 तक पदस्थ रहे। 13वे अधिकारी के रूपमें एसएस चैहान 03/06/2014 से 30/08/2014 तक पदस्थ रहे, 14वे अधिकारी के रूप में सौरभ गोल्या, 30/09/14 से 02/05/2015 तक पदस्थ रहे। 15वे अधिकारी के रूप में 02/05/2015 से 29/06/2015 तक पदस्थ रहे। 16वें अधिकारी के रूप में सौरभ गोल्या 29/06/2015 से 27/05/2016 तक पदस्थ रहे, 17वे अधिकारी के रूप में वीके छारी 27/05/2016 से 10/04/2017 तक पदस्थ रहे।

### 2017 से 2023 तक 8 कार्यपालन यंत्री बदले

विजयपाल सिंह भदौरिया 18वें अधिकारी के रूप में 10/4/2017 से 30/05/2017 तक 20 दिन पदस्थ रहे। 19वे अधिकारी के रूप में वीके छारी 30/05/2017 से 07/07/2017 तक पदस्थ रहे। 20वे अधिकारी के रूप में विजयपाल सिंह भदौरिया 07/07/2017 से 03/08/2017 तक पदस्थ रहे, 21वे अधिकारी के रूप में 03/08/2017 से 18/12/2017 तक पदस्थ रहे। 22वे अधिकारी के रूप में एसके जाटव 18/12/2017 से 07/08/2019 तक पदस्थ रहे। 23वे अधिकारी के रूप में केएस पवार 07/08/2019 से 10/08/2020 तक पदस्थ रहे। 24वे अधिकारी के रूप में वीके छारी 10/08/2020 से 22/02/2021 तक पदस्थ रहे। 25वे अधिकारी के रूप में एसके जाटव 22/02/2021 से 14/07/2023 तक पदस्थ रहे।

## विशेष कैंसर स्वास्थ्य जांच शिविर में 125 मरीजों की विभिन्न प्रकार की जांचें हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





स्वर्गीय विनोद सिंह रघुवंशी की स्मृति में लायंस क्लब अशोकनगर द्वारा कैंसर हॉस्पिटल एवं रिसर्च इंस्टीट्यूट, ग्वालियर के सहयोग से विशेष कैंसर स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन रघुवंशी धर्मशाला में किया गया। शिविर में लगभग 125 मरीजों की विभिन्न प्रकार की जांच की गई।

कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से की गई तथा लायंस क्लब की परंपरा के अनुसार ध्वज वंदना की गई, जिसे क्लब के सदस्य लायन रिंकेश कंसल द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अलका त्रिवेदी उपस्थित रहीं। शिविर में ग्वालियर से लगभग 20 सदस्यीय मेडिकल स्टाफ की टीम पहुंची, जिसमें 6 विशेषज्ञ डॉक्टरों ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। शिविर में मुख्य रूप से फाइन नीडल एस्पिरेशन साइटोलॉजी की 5 जांच, प्रोस्टेट स्पेसिफिक एंटीजन की 10 जांच, मैमोग्राफी (स्तन कैंसर जांच) की 18 से अधिक जांच, पैप स्मीयर (महिलाओं में गर्भाशय ग्रीवा कैंसर जांच) की 14 से अधिक जांच तथा पंच बायोप्सी की 1 जांच की गई।

डॉ. गुंजन श्रीवास्तव ने कहा कि आज के समय में लोगों को कैंसर के प्रति सतर्क रहना चाहिए। विशेष रूप से महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर के मामलों में लगातार वृद्धि हो रही है, इसलिए समय-समय पर जांच कराना और किसी भी लक्षण पर तुरंत चिकित्सक से परामर्श लेना आवश्यक है। नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने अपने संबोधन में लायंस क्लब द्वारा किए जा रहे इस सामाजिक कार्य की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर समाज के लिए अत्यंत उपयोगी हैं।

सीएमएचओ अलका त्रिवेदी ने कहा कि कैंसर की समय पर पहचान होने से उसका उपचार संभव हो जाता है, इसलिए लोगों को नियमित स्वास्थ्य जांच करानी चाहिए। लायंस क्लब अध्यक्ष अभिजीत जैन ने अपने संबोधन में कहा कि लायंस क्लब सदैव समाज सेवा के कार्यों के लिए तत्पर रहता है और भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा। ग्वालियर से आए विशेषज्ञ चिकित्सकों में सीनियर डॉ. आर.के. जैन, डॉ. गुंजन श्रीवास्तव, डॉ. दीपक शाक्य, डॉ. संजना, डॉ. राजकुमार तथा डॉ. संतोष शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन लायन संजय रघुवंशी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में लायंस क्लब अशोकनगर द्वारा सभी डॉक्टरों एवं मेडिकल स्टाफ को मोमेंटो और उपहार भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया गया।अंत में लायन विकास रघुवंशी द्वारा सभी अतिथियों, डॉक्टरों एवं उपस्थित जनसमुदाय का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर क्लब के पदाधिकारी अध्यक्ष अभिजीत जैन, सचिव विकास रघुवंशी तथा कोषाध्यक्ष गिरीश गुप्ता सहित क्लब के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## सांदीपनी विद्यालय के तीन छात्रों ने की परीक्षा उत्तीर्ण



*पिपरई। नगर के सांदीपनी विद्यालय के कैंपस-2 के तीन होनहार छात्रों ने मिन्स परीक्षा में सफलता प्राप्त कर अपने परिवार और विद्यालय का नाम रोशन किया है। शासकीय सीएम राइज विद्यालय के कक्षा 8 के छात्र निखिल पुत्र हरिओम कुशवाह, सक्षम पुत्र अमित सेन,राहुल पुत्र चुन्नी लाल कोरी 2026 की राष्ट्रीय मेरिट मींस की परीक्षा पास की है। प्रधान अध्यापिका रेखा विश्वकर्मा ने बताया कि तीनों छात्रों को कक्षा 9 से 12 तक अध्यनरत रहने पर प्रतिवर्ष 12000 रुपए केंद्रीय सरकार की तरफ से मिलेंगे। छात्रों ने कड़ी मेहनत और लगन से पढ़ाई करते हुए यह उपलब्धि हासिल की। परीक्षा में उत्तीर्ण होने की खबर मिलते ही परिजनों और शिक्षकों में खुशी का माहौल है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकों ने छात्रों को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। वहीं परिजनों और परिचितों ने भी छात्रों की इस सफलता पर मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की।*




## जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक की गई आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

बाल एवं किशोर श्रम अधिनियम के तहत गठित जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने जिले में विशेष अभियान चलाकर बाल श्रम के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने बाल एवं किशोर श्रम अधिनियम 1986 संशोधित नियम 2017 के कार्यप्रणाली, विमुक्ति, पुनर्वास एवं अधिनियम के अंतर्गत विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में आगामी कार्य योजना के अंतर्गत भिक्षावृति में लिप्त एवं स्कूल ड्रॉप आउट बच्चों का चिन्हांकन, पुनर्वास पर जोर, समिति द्वारा प्रत्येक माह नियमित निरीक्षण एवं बाल श्रम करवाने वाले जिले के नियोजन के स्थलों पर अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत दंडात्मक कार्रवाई किए जाने पर विस्तृत चर्चा कर आवश्यक निर्णय लिए गए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह, संबंधित अधिकारीगण एवं बाल कल्याण समिति के सदस्यगण उपस्थित थे।

### बिना अनुमति के नहीं हो सकेंगे नवीन नलकूप खनन, प्रतिबंध के आदेश जारी

# संपूर्ण अशोकनगर जिले को जल अभावग्रस्त घोषित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर






वर्तमान में एवं आगामी ग्रीष्म ऋतु में जनता के लिए पीने के पानी एवं निस्तार की आवश्यकता पूर्ति के लिए जल की उपलब्धता सुनिश्चित की जाना है। जिसे लेकर कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा जिले की समस्त तहसीलों के कुओं एवं नलकूपों का जल स्तर नीचे चले जाने के कारण सम्पूर्ण अशोकनगर जिले को जल अभाव ग्रस्त घोषित किया गया है। बिना अनुमति के जिले में नहीं हो सकेंगे नवीन नलकूप खनन।

सम्पूर्ण अशोकनगर जिले को मध्यप्रदेश पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 की धारा 3 के अंतर्गत जल अभावग्रस्त घोषित किया जाये। कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा सम्पूर्ण अशोकनगर जिले को जल अभावग्रस्त घोषित किया गया है। सम्पूर्ण अशोकनगर जिले को जल अभावग्रस्त घोषित किये जाने का आशय यह होगा कि इस कार्यालय की अनुमति के बिना कोई भी व्यक्ति किसी जलस्त्रोत यथा नदी, बंधान, जलधारा, जलाशय बंधान आदि से सिंचाई या अन्य औद्योगिक प्रयोजन हेतु उपयोग नहीं कर सकेगा। जिले को जल अभावग्रस्त घोषित किये जाने का आशय यह भी होगा कि कलेक्टर या इस संबंध में प्राधिकृत अन्य अधिकारी की अनुज्ञा के बिना कोई भी निजी नलकूप खनन नहीं किया जावेगा।

जिले के सतही जल स्त्रोत नदी/नाले के डाऊन स्टीम में सतह के नीचे भूमिगत बहाव रोकने, कलेक्टिंग पाईप/रेडियल कलेक्टर बेल का उपयोग कर जल का उपयोग नहीं किया जावेगा। जिले के पेयजल स्त्रोतों में कुल आवश्यक जल क्षमता के विरूद्ध उपलब्ध जल क्षमता कम है जिले के पेयजल स्त्रोतों से सिंचाई के प्रयोजन के लिए जल के उपयोग पर प्रतिबन्ध लागू होगा। जिले में नदी/नालों पर संचालित उद्‌वहन योजनाओं में पानी की उपलब्धता के आधार पर संबंधित ग्राम पंचायत व जल उपभोक्ता संस्था की अनुशंसा और जल संसाधन विभाग के प्रतिवेदन के आधार पर इस कार्यालय द्वारा सिंचाई की अनुमति दी जावेगी। जिन नदी, नालो में पानी नहीं बह रहा है, वहाँ नदी/नालों में रूके हुए पानी के लिए कोई अनुमति नहीं दी जावेगी। केंद्रीय शासन एवं उनके उपक्रमों और राज्य शासन के विभागों व उनके उपक्रमों को नलकूप खनन की छूट इस शर्त पर दी जाती है, कि जिस स्थान पर नलकूप खनन किया जा रहा है, वह मध्यप्रदेश पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 की धारा 6 के अनुसार व्यतिकरण परिक्षेत्र में नही आता हो, अर्थात उस स्थल के 100 मीटर के भीतर कोई ऐसा नलकूप न हो जिस पर सार्वजनिक जल प्रदाय व्यवस्था आधारित हो। उक्त शर्त के पालन की जिम्मेदारी संबंधित विभाग की होगी। उपरोक्त अपवादों के अतिरिक्त अशोकनगर जिले को जल अभावग्रस्त घोषित किया जाता है। उक्तानुसार निर्धारित क्षेत्रों में नदी/बांधों/नहरों/जलाशयों/ बंधानों से घरेलू प्रयोजन के अतिरिक्त किसी अन्य प्रयोजन के लिए पानी का उपयोग नही किया जा सकेगा। यदि कोई व्यक्ति आदेश का उल्लंघन कर नलकूप खनन करता है तो वह अधिनियम की धारा 9 के अन्तर्गत प्रथम अपराध के लिए 5000/-रू0 के जुर्माने से और पश्चातवर्ती प्रत्येक अपराध के लिए 10000/- रू० के जुर्माने से या कारावास से जो 02 वर्ष तक को हो सकेगा दण्डनीय होगा।

यदि कोई भी व्यक्ति प्रतिबंधित क्षेत्र में सिंचाई अथवा औद्योगिक प्रयोजन के लिए पानी के उपयोग की अनुमति चाहता है तब वह अधिनियम की धारा 4 व संबंधित नियमों के अन्तर्गत आवेदन संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी को प्रस्तुत करें। इसी प्रकार कोई व्यक्ति नलकूप खनन की अनुमति चाहता है तो अधिनियम की धारा 6 के अन्तर्गत आवेदन उक्त प्राधिकृत अधिकारी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है।उक्त अधिनियम के प्रावधानों के अन्तर्गत नवीन बोरिंग खनन/बोरिंग सफाई के विशेष परिस्थितियों में अनुमति देने संबंधित अधिकार निम्नानुसार अधिकारियों को प्रत्यायोजित किया जाता है। यह आदेश 30 जून 2026 तक,अच्छी वर्षा होने तक प्रभावशील रहेगा तथा आदेश का कढ़ाई से पालन किया जाए।